श्याम की पूजा | by Manish Raj Khandal

श्याम की पूजा करते हो तो अहम् कभी ना करना
मेरा बाबा रूठ जाता है
बाबा का दरबार हैं साँचा वहम कभी ना करना
मेरा बाबा रूठ जाता है

सांवरिया की अजब कहानी दीनो में बसते हैं
जो अभिमान है करता उस पर बाबाजी हँसते हैं
प्रेम ही पूजा सांवरिया की झूठा प्रेम ना करना
मेरा बाबा रूठ जाता है

दिल जो दुखाया किसी का तुमने चोट श्याम के लगती
रूठ जाए जो बाबा तो मिट जाए तुम्हारी हस्ती
झूठी हस्ती के मद में तुम दिल ना किसी का दुखाना
मेरा बाबा रूठ जाता है

श्याम की माला फेरो चाहे श्याम कभी ना मिलते
जिस माला में प्रेम न हो वहां श्याम कभी ना बसते
कहे कुमार झूठी माला के चक्कर में ना फंसना
मेरा बाबा रूठ जाता है ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%b6%e0%a5%8d%e0%a4%af%e0%a4%be%e0%a4%ae-%e0%a4%95%e0%a5%80-%e0%a4%aa%e0%a5%82%e0%a4%9c%e0%a4%be-by-manish-raj-khandal/